( आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या 31281/78 )
O.I.G.S.
डाक पंजीयन क्रमांक RJ/JPC/205/2018-20
सत्यमेव जयते
राजस्थान
# रोज़गार संदेश
(पाक्षिक)
(राजस्थान सरकार के रोजगार सेवा निदेशालय द्वारा प्रकाशित व्यावसायिक मार्गदर्शन एवं रोजगार संबंधी सूचनाओं का एकमात्र प्रकाशन)
वर्ष 42 अंक 15 Website:http://employment.livelihoods.rajasthan.gov.in 15 सितम्बर, 2019 फोन : 2368398 मूल्य : 2.00 वार्षिक शुल्क 40 रु.

## सिविल सेवा परीक्षा 2018 टॉपर

# मेरी सफलता का मूल मंत्र आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, किसी से तुलना नही करना, कठिन परिश्रम और मैं कहूँगा कि अपना सर्वश्रेष्ठ दें बाकी भाग्य पर छोड दें।

- कनिष्क कटारिया

देश की सर्वप्रतिष्ठित सेवा "आई.ए.एस." (IAS) बनने का सपना हर युवा रखता है। हर वर्ष लाखों युवा इस परीक्षा को देकर अपना भाग्य आजमाते हैं। परन्तु सफलता के चरम तक बहुत कम पहुँच पाते हैं। संघ लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सिविल सेवा परीक्षा 2018 में ''टॉपर'' रहे श्री कनिष्क कटारिया जो जयपुर राजस्थान के निवासी है, से लिया गया इंटरव्यू इस अंक में प्रकाशित किया जा रहा है जो सभी प्रतियोगी परीक्षाओं को देने वाले आशार्थियों के लिए उपयोगी है। हम बताना चाहेंगे कि श्री कनिष्क कटारिया की पारिवारिक पृष्ठभूमि भी प्रशासनिक रही है। आपके पिता श्री सांवर मल वर्मा तथा ताऊजी श्री के.सी. वर्मा राजस्थान में आई.ए.एस. अधिकारी हैं।

यह इंटरव्यू श्रीमती नवरेखा, जिला रोजगार अधिकारी जो विश्वविद्यालय रोजगार सूचना एवं मार्गदर्शन केन्द्र, राजस्थान विश्वविद्यालय परिसर, जयपुर में पदस्थापित हैं, द्वारा लिया गया।

**श्रीमती नवरेखा :- सबसे पहले रोजगार विभाग की तरफ से आपकी गौरवपूर्ण सफलता पर आपको बहुत-बहुत बधाई। आपने अपने माता-पिता के साथ-साथ राजस्थान राज्य का भी नाम रोशन किया है।**

श्री कनिष्क कटारिया :- जी, बहुत-बहुत धन्यवाद।

**प्रश्न :- आपका यह कौनसा प्रयास था ?**

उत्तर :- मेरा यह पहला प्रयास ही था।

**प्रश्न :- क्या आपको अंदाजा था कि आप देश की सर्वोच्य/सर्वप्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षा को टॉप करने वाले हैं ?**

उत्तर :- नहीं, बिल्कुल अंदाजा नही था। वस्तुतः किसी को भी पता नही हो सकता। यह परीक्षा ऐसी है कि कोई अनुमान नही लगाया जा सकता है। परीक्षा की तैयारी मैंने मेहनत व लगन से की थी, मेरे पेपर बहुत अच्छे हुए थे, परन्तु अंदाजा नही था कि मैं टॉप करूँगा। परिणाम आने पर ही पता चला कि मैंने टॉप किया है।


आई.ए.एस टॉपर कनिष्क कटारिया को बधाई देते श्रीमती नवरेखा, जिला रोजगार अधिकारी

**प्रश्न :- आपकी शैक्षणिक योग्यता क्या है तथा आपने कहाँ कहाँ शिक्षा प्राप्त की ?**

उत्तर :- मैंने स्नातक बी.टेक कम्प्यूटर साइंस मे आई.आई.टी बोम्बे से और प्रारम्भिक शिक्षा कक्षा 3 से 12 तक राजस्थान में जिला कोटा से की है।

**प्रश्न :- आपकी पारिवारिक पृष्ठभूमि किस प्रकार की रही है ?**

उत्तर :- मेरे दादाजी जिला शिक्षा अधिकारी पद पर रहे । मेरे पिताजी एवं ताऊजी वर्तमान में राजस्थान में आई.ए.एस. अधिकारी है। मेरी माताजी गृहिणी हैं और मेरी बहन चिकित्सक है।

**प्रश्न :- आपको इन सेवाओं में आने की प्रेरणा किससे मिली ?**

उत्तर :- मुझे इन सेवाओं में आने की प्रेरणा अपने पिताजी व ताऊजी से मिली है। उनका अच्छा काम देखकर मैं प्रेरित हुआ।

**प्रश्न :- आपका परीक्षा का माध्यम क्या रहा। हिन्दी माध्यम के विधार्थियों के लिए कोई सुझाव देना चाहेगें ?**

उत्तर :- मेरा परीक्षा का माध्यम अंग्रेजी रहा है। परन्तु हिन्दी माध्यम के विधार्थियों के लिए मैं यह कहना चाहूँगा कि ऐसा हव्वा/माहौल बना दिया गया है कि हिन्दी माध्यम के विद्यार्थियों को इस परीक्षा मे अपेक्षित सफलता नही मिलती है परन्तु ऐसा नही है। आत्म विश्वास के साथ मेहनत व लगन से प्रयास करने पर सफलता अवश्य मिलती है एवं अपनी अभिव्यक्ति हम जिस माध्यम द्वारा बेहतर तरीके से दे सकते हैं, वह माध्यम ही हमें चुनना चाहिए।

**प्रश्न :- आपके विषयों के चुनाव का आधार क्या रहा। वैकल्पिक विषयों का चुनाव करते समय किन-किन बातों का ध्यान रखना आवश्यक है ?**

उत्तर :- मेरा वैकल्पिक विषय गणित रहा। वस्तुतः वैकल्पिक विषयों का चुनाव इस परीक्षा में महत्त्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। वैकल्पिक विषयों का चुनाव करते समय हमें अपनी रूचि, विषय का स्कोरिंग होना, विषय से संबंधित पाठ्य सामग्री का उपलब्ध होना एवं पिछली परीक्षा में इस विषय को लेकर कितने विद्यार्थी सफल रहे आदि बातों का ध्यान रखना आवश्यक है।

**प्रश्न :- आपने प्रारम्भिक परीक्षा, मुख्य परीक्षा एवं साक्षात्कार के लिए क्या योजना बनाई ?**

उत्तर :- सबसे पहले मैंने सिलेबस का गहन अध्ययन किया फिर मैंने एक रणनीति बनाई, उसको फॉलो किया। मैंने वैकल्पिक विषय को अच्छा तैयार किया एवं सामान्य ज्ञान पर भी साथ-साथ ध्यान रखा। मैंने आंरभ से ही मुख्य परीक्षा को केन्द्रित कर तैयारी शुरू की थी। प्रारम्भिक परीक्षा के लिए मैंने परीक्षा के लगभग 3 माह पहले से ही इसको केन्द्रित कर तैयारी शुरू की थी। साक्षात्कार के लिए मैंने मुख्य परीक्षा होने के बाद ही तैयारी की थी। इसके लिए मैंने सफल लोगों के इंटरव्यू पत्रिकाओं में पढ़े तथा यूटयूब चैनल पर भी देखे।

**प्रश्न :- आपका परिणाम आने से पहले टॉपर्स के बारे में आपके क्या विचार थे ?**

उत्तर :- परिणाम जानने से पूर्व मैं सोचता था कि टॉपर किसी अलग ही तरह के व्यक्ति होते होंगे, लेकिन स्वयं के चयन के बाद लगता है कि टॉपर हममे से ही होते हैं। कठिन परिश्रम, आत्म-विश्वास, धैर्य, मेहनत व लगन से कोई भी टॉपर बन सकता है।

**प्रश्न :- क्या कारण है कि आपने सिविल सेवाओं को ही लक्ष्य चुना। जबकि आज के बदलते परिवेश में निजी क्षेत्र में सेवाओं के लुभावने अवसर उपलब्ध है ?**

उत्तर :- बी.टेक फाइनल ईयर के बाद मुझे सैमसंग साउथ कोरिया में जॉब मिल गई। मेरे लिये यह काफी अच्छी अपोरच्युनिटी थी। मुझे बाहर काफी अच्छा एक्सपोजर मिल सकता था। मैंने लगभग डेढ वर्ष वहाँ काम किया, वहाँ की जीवन शैली देखी। इसके बाद मैंने लगभग एक वर्ष बैंगलौर, भारत में काम किया। इस दौरान मैंने देखा कि भारत में भी बहुत सारी अपोरच्युनिटी है। मैंने अपने ताऊजी एवं पिताजी की प्रशासनिक कार्यशैली से प्रेरित होकर ही सिविल सेवाओं को लक्ष्य चुना। सिविल सेवा एक तरह का प्लेटफॉर्म है, जो कोई अन्य कॅरियर मुझे प्रदान नहीं कर सकता. यहाँ हम सीधे सिस्टम में आते हैं और राष्ट्र निर्माण में योगदान दे सकते हैं।

**प्रश्न :- किस शैक्षिक स्तर पर सिविल सेवाओं की तैयारी के बारे में सोचना शुरू करना चाहिए। आपके अनुसार इस परीक्षा की पूर्ण तैयारी में कितना समय लगना चाहिए ?**

उत्तर :- सिविल सेवाओं की तैयारी के बारे में सोचने के लिए कोई निर्धारित शैक्षिक स्तर नहीं होता है। हम किसी भी स्तर पर/कभी भी यह निश्चित कर सकते हैं। मैंने निजी सेवा में आने के लगभग 2 वर्ष बाद सोचा। मेरे अनुसार इस परीक्षा की पूर्ण तैयारी हेतु एक से डेढ वर्ष गहन व नियमित अध्ययन आवश्यक है।

**प्रश्न :- कई बार पढ़ते समय परीक्षार्थी ऊब जाते हैं तथा निराश भी हो जाते है। आपके अनुसार ऐसी स्थिति आने पर क्या करना चाहिए ?**

उत्तर :- पढ़ते समय अगर परीक्षार्थी बोर होने लगे तो उन्हें कुछ समय के लिए विश्राम कर लेना चाहिए। टहल कर आ जाना चाहिए तथा अपनी रूचि के अनुसार Light Activity कर लेनी चाहिए।

**प्रश्न :- समय प्रबंधन किसी भी परीक्षा में सफलता का एक महत्त्वपूर्ण कारक होता है। चाहे वह तैयारी के दौरान रहा हो या परीक्षा के उत्तर लिखते समय। आप क्या कहना चाहेगें, इस बारे में। क्या आपको कोई ऐसी परेशानी हुई ?**

उत्तर :- समय प्रबंधन किसी भी परीक्षा में सफलता का एक महत्त्वपूर्ण पहलू है। इसके लिए हमें सिलेबस के अनुसार टाइम टेबल बनाना चाहिए। रोज हमें लक्ष्य निर्धारित करके उसे पूरा करने के प्रयास करने चाहिए। मैंने अपने स्टडी रूम को परीक्षा कक्ष की तरह बना लिया था। घड़ी देखकर मैंने प्रश्न पत्रों को निर्धारित समय में हल कर करके परीक्षा की तैयारी की। मुझे समय प्रबंधन को लेकर किसी परेशानी का सामना नही करना पड़ा।

**प्रश्न :- आपने निबन्ध की तैयारी किस प्रकार की ?**

उत्तर :- मुख्य परीक्षा की तैयारी के साथ निबन्ध की तैयारी स्वतः हो ही जाती है, परन्तु, अभ्यास के साथ सहजता आती जाती है और आप निबन्ध के लिए सही टॉपिक का चयन करने में सक्षम हो जाते हैं और प्रस्तुतीकरण बेहतर हो जाता है। इस परीक्षा की तैयारी के दौरान बहुत सी किताबों व समाचार पत्रों के नियमित अध्ययन से मुझे व्यापक जानकारी होने के कारण निबन्ध लिखने मे आसानी रही।

**प्रश्न :- आपकी रूचि (हॉबी) क्या-क्या है ?**

उत्तर :- मुझे यात्रा करना, टीवी देखना, टेनिस, फुटबाल व क्रिकेट के मैच देखना पंसद है।

**प्रश्न :- आपकी सफलता का मूल मंत्र ?**

उत्तर :- मेरी सफलता का मूल मंत्र आत्मविश्वास, सकारात्मक सोच, किसी से तुलना नही करना, कठिन परिश्रम और मैं कहूँगा कि अपना सर्वश्रेष्ठ दें बाकी भाग्य पर छोड दें।

**प्रश्न :- अपनी सफलता का श्रेय किसे देना चाहेंगे ?**

उत्तर :- मैं अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, बहन, गुरूजन एवं मित्रों को देना चाहता हूँ।


**प्रश्न :- हमारे पाठकों को क्या संदेश देना चाहेंगे ?**

उत्तर :- आत्मविश्वास, कठिन परिश्रम एवं आशावादी होना किसी भी सफलता के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण है। अगर हमने लक्ष्य तय कर लिया है तो फिर हमें उसे प्राप्त करने मे कामचोरी नही करनी चाहिए। हम मन लगाकर परीक्षा की तैयारी करें। यदि एक परीक्षा/प्रयास में कोई कमी रह जाती है तो हमें निराश नहीं होना चाहिए बल्कि अगली परीक्षा के लिए अच्छे से तैयारी करनी चाहिए।

**श्रीमती नवरेखा :- आपके उज्वल भविष्य के लिए बहुत-बहुत शुभकामनाएं।**

श्री कनिष्क कटारिया :- जी, धन्यवाद।

# डॉकयार्ड एप्रेंटिस स्कूल नौसेना डॉकयार्ड मुम्बई-400023



## निर्धारित ट्रेडों (आईटी-23) में एप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए प्रवेश

1. नौसेना डॉकयार्ड, मुम्बई की ओर से एप्रेंटिस अधिनियम-1961 के साथ-साथ एप्रेंटिस नियमावली 1992 के तहत डॉकयार्ड एप्रेंटिस स्कूल में एप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण में प्रवेश के लिए विभिन्न निर्धारित ट्रेडों [रिगर और फोर्जर एवं हीट ट्रीटर को छोड़कर] में आईटीआई अर्हता वाले उम्मीदवारों (पुरुष/महिला) से **www.bhartiseva.com** पर ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित हैं. नीचे दिए गए विवरण के अनुसार कुल **933 रिक्तियों** को भरा जाना है:-

**एक वर्षीय प्रशिक्षण**

| क्र.सं. | एप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण ट्रेड | पात्र आईटीआई ट्रेड | रिक्तियां | रिक्तियों का विवरण (परिवर्तन संभव है) | | | | | होरिजोंटल आरक्षण | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजा | अजजा | अपिव | अना | कुल | पीडब्ल्यूडी | सशस्त्र बल |
| (ए) | फिटर | फिटर | 141 | 14 | 13 | 31 | 83 | 141 | 4 | 4 |
| (बी) | मशीनिस्ट | मशीनिस्ट | 60 | 6 | 5 | 13 | 36 | 60 | 2 | 1 |
| (सी) | वेल्डर (गैस और बिजली) | वेल्डर | 65 | 6 | 6 | 14 | 39 | 65 | 2 | 2 |
| (डी) | शीट मेटल वर्कर | शीट मेटल वर्कर | 8 | 1 | 1 | 2 | 4 | 8 | शून्य | शून्य |
| (ई) | टेलर (जी) | i. सिलाई प्रौद्योगिकी<br>ii. ड्रेस निर्माण | 13 | 1 | 1 | 3 | 8 | 13 | 1 | शून्य |
| (एफ) | मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस | मैकेनिक मशीन टूल मेंटेनेंस | 59 | 6 | 5 | 13 | 35 | 59 | शून्य | 2 |
| (जी) | मैकेनिक रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनिंग | मैकेनिक रेफ्रिजरेटर और एयर कंडीशनिंग | 39 | 4 | 3 | 8 | 24 | 39 | 1 | 1 |
| (एच) | मैकेनिक डीजल | मैकेनिक डीजल | 73 | 7 | 6 | 16 | 44 | 73 | शून्य | 2 |
| (जे) | पेंटर (सामान्य) | पेंटर (सामान्य) | 34 | 3 | 3 | 7 | 21 | 34 | 1 | शून्य |
| (के) | पावर इलेक्ट्रिशियन | इलेक्ट्रिशियन | 198 | 20 | 18 | 43 | 117 | 198 | 6 | 6 |
| (एल) | इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक | इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक | 24 | 2 | 2 | 5 | 15 | 24 | 1 | 1 |
| (एम) | इलेक्ट्रोप्लेटर | इलेक्ट्रोप्लेटर | 6 | 1 | 0 | 1 | 4 | 6 | 1 | 1 |
| (एन) | फाउंड्री मैन | फाउंड्री मैन | 7 | 1 | 1 | 1 | 4 | 7 | 1 | 1 |
| (पी) | पाइप फिटर | प्लम्बर | 56 | 6 | 5 | 12 | 33 | 56 | 2 | 2 |
| (क्यू) | शिपराइट (वुड) | कारपेंटर | 63 | 6 | 6 | 14 | 37 | 63 | 2 | 2 |
| (आर) | पैटर्न मेकर | i. कारपेंटर ii. पैटर्न मेकर | 9 | 1 | 1 | 2 | 5 | 9 | 1 | शून्य |
| | | कुल | 855 | 85 | 76 | 185 | 509 | 855 | 25 | 25 |

**दो वर्षीय प्रशिक्षण**

| क्र.सं. | एप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण ट्रेड | पात्र आईटीआई ट्रेड | रिक्तियां | रिक्तियों का विवरण (परिवर्तन संभव है) | | | | | होरिजोंटल आरक्षण | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजा | अजजा | अपिव | अना | कुल | पीडब्ल्यूडी | सशस्त्र बल |
| (ए) | शिपराइट (स्टील) | फिटर | 34 | 3 | 3 | 7 | 21 | 34 | 1 | 1 |
| (बी) | रिगर | फ्रेशर | 41 | 4 | 4 | 9 | 24 | 41 | 1 | 1 |
| (सी) | फोर्जर एवं हीट ट्रीटर | फ्रेशर | 3 | 0 | 0 | 1 | 2 | 3 | शून्य | शून्य |
| | | कुल | 78 | 7 | 7 | 17 | 47 | 78 | 2 | 2 |

**उपर्युक्त एक और दो वर्ष के प्रशिक्षण के लिए अनिवार्य/वांछनीय शैक्षिक योग्यताएं एप्रेंटिस प्रशिक्षण की प्रभावी नीतियों के अनुसार होंगी.**

**2. रिक्तियों का आरक्षण**

(ए) **अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए:** एप्रेंटिस अधिनियम 1961 के अध्याय-II की धारा 3ए (1) और (2), तथा धारा 3 बी (1) और (2) दोनों के साथ-साथ अप्रेंटिशिप नियमावली 1992 के नियम-5 की धारा II ए के अनुसार अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए रिक्तियां आरक्षित हैं, यदि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों से संबंधित उम्मीदवारों में से व्यक्तियों की निर्धारित संख्या उपलब्ध न हो तो इस प्रकार उनके लिए आरक्षित रिक्तियों को अनुसूचित जनजातियों से संबंधित व्यक्तियों से अथवा जैसा भी मामला हो, अनुसूचित जातियों से संबंधित व्यक्तियों से भरा जा सकता है और यदि निर्धारित रिक्तियों को उपर्युक्त तरीके से नहीं भरा जा सके तो ऐसी रिक्तियों को ऐसे व्यक्तियों द्वारा भरा जाएगा, जो अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों से संबंधित नहीं हैं.

(बी) **अपिव उम्मीदवारों के लिए :** महाराष्ट्र राज्य राजपत्र अधिसूचना भाग-4 तिथि 22 जनवरी, 2014 के पैरा-4 के अनुसार अपिव उम्मीदवारों के लिए रिक्तियां आरक्षित हैं. यदि अपिव उम्मीदवारों के लिए आरक्षित रिक्तियों को अन्य पिछड़ा वर्ग से नहीं भरा जा सके तो ऐसे में रिक्तियों को ऐसे व्यक्तियों से भरा जा सकता है, जो अन्य पिछड़ा वर्ग से संबंधित नहीं हैं.

(सी) **विकलांगजनों के लिए:** डीजीईटी पत्र डीजीईटी-46 (24)/एपी तिथि 23 जुलाई 1981, एप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण मैनुअल के अध्याय-III की धारा-3.6.2 और पीडब्ल्यूडी अधिनियम 1995 के तहत एप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए 3 प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित हैं.

(डी) **सशस्त्र बलों के लिए :** नीचे दिए गए विवरण के अनुसार पूर्व सैनिकों, उनके बच्चों तथा सशस्त्र बलों के कार्मिकों के बच्चों के लिए 3 प्रतिशत आरक्षण है :

(i) शांति काल की अवधि में मृत/विकलांग सहित मृत/विकलांग पूर्व-सैनिकों के बच्चे.

(ii) पूर्व-सैनिकों के बच्चे.

(iii) सेवारत जवानों के बच्चे.

(iv) सेवारत अधिकारियों के बच्चे.

(v) पूर्व-सैनिक.

**3. पात्रता शर्तें :**

(ए) **योग्यताएं :** एप्रेंटिस अधिनियम 1961 के साथ-साथ एप्रेंटिसशिप नियमावली 1992 के अनुसार निर्धारित ट्रेडों में एप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए किसी व्यक्ति की न्यूनतम शैक्षिक योग्यता 10वीं कक्षा की परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंकों के साथ 10वीं कक्षा उत्तीर्ण (एप्रेंटिस अधिनियम 1961 के अनुसार) होने के साथ-साथ कुल मिलाकर 65 प्रतिशत अंकों के साथ संबंधित ट्रेड में आईटीआई परीक्षा उत्तीर्ण हो (अनंतिम राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र स्वीकार्य). इसके अलावा, उम्मीदवार को एनसीवीटी द्वारा मान्यताप्राप्त किसी संस्थान से संबंधित आईटीआई/ट्रेड परीक्षा उत्तीर्ण होना चाहिए तथा आवेदन की अंतिम तिथि पर योग्यता धारण करनी चाहिए. 'फ्रेशर' के रूप में रिगर और क्रेन ऑपरेटर (ओवर हेड स्टील उद्योग) के लिए प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए योग्यता बिना आईटीआई, कक्षा 8 उत्तीर्ण होगी.

(बी) **उम्र :** उम्मीदवार का जन्म 01 अप्रैल, 1999 से 31 मार्च, 2006 के बीच हुआ हो. अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिए अधिकतम उम्र में पांच वर्ष और रक्षा मंत्रालय पत्र एफ एम/0442/एनएचक्यू/1278डी (एन-I) तिथि 14 नवंबर, 1996 के अनुसार रक्षा कर्मचारियों अथवा नौसेना के असैनिकों के बच्चों के लिए दो वर्ष की छूट मान्य है.

(सी) **न्यूनतम शारीरिक मापदंड :**

लंबाई 150 सेंमी, वजन न्यूनतम 45 किग्रा, सीना कम से कम 5 सेंमी फूलना चाहिए.

**क्रमशः**

नेत्र दृष्टि 6/6 से 6/9 (चश्मे से शुद्ध करके 6/9), बाह्य व आंतरिक अंग सामान्य हों. रक्षा मंत्रालय पत्र एफएम/0442/एनएचक्यू/1278 डी (एन-II) तिथि 14 नवंबर, 1996 के अनुसार शारीरिक स्वास्थ्य के मापदंड लागू हैं.

**(डी) पूर्ववर्ती प्रशिक्षण : ऐसे उम्मीदवार जो फिलहाल किसी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी औद्योगिक संगठन में एप्रेंटिसशिप** अधिनियम-1961 के तहत एप्रेंटिशिप कर चुके हैं अथवा एप्रेंटिसशिप कर रहे हैं, वे मौजूदा प्रवेश के लिए आवेदन करने हेतु पात्र नहीं हैं.

4. **एप्रेंटिसों के लिए वजीफे का भुगतान :** एप्रेंटिसों के लिए प्रतिमाह वजीफे के भुगतान की न्यूनतम दर (एप्रेंटिसशिप नियमावली 1992 का नियम 11 संबद्ध है) निम्नानुसार हैं :

| क्र. सं. | अवधि | वजीफा * |
|---|---|---|
| (ए) | प्रशिक्षण के प्रथम वर्ष के दौरान | महाराष्ट्र राज्य द्वारा अर्द्ध-कुशल कामगारों के लिए अधिसूचित न्यूनतम पारिश्रमिक का सत्तर प्रतिशत |
| (बी) | प्रशिक्षण के द्वितीय वर्ष के दौरान | महाराष्ट्र राज्य द्वारा अर्द्ध-कुशल कामगारों के लिए अधिसूचित न्यूनतम पारिश्रमिक का अस्सी प्रतिशत |

* उल्लेखनीय है कि जहां राज्य सरकार अथवा संघ क्षेत्र द्वारा किसी ट्रेड के लिए पारिश्रमिक की न्यूनतम दर अधिसूचित नहीं हो तो ऐसी राज्य सरकार अथवा संघ क्षेत्र द्वारा अर्द्ध-कुशल कामगारों के लिए, अनुसूचित नियोजन की अधिसूचित न्यूनतम पारिश्रमिक के अधिकतम हिस्से को उस ट्रेड के संदर्भ में वजीफे के भुगतान के लिए शामिल किया जाएगा.

**5. परीक्षा की योजना :** उपर्युक्त पैरा-3 में उल्लिखित पात्रता शर्तें पूरी करने वाले उम्मीदवारों को मुम्बई में दिसंबर, 19 में आयोजित निर्धारित लिखित परीक्षा के लिए बुलाया जाएगा. लिखित परीक्षा की अवधि 2 घंटे की होगी, जिसमें सामान्य विज्ञान, सामान्य ज्ञान और गणित पर आधारित 100 बहु-विकल्पीय प्रश्न शामिल होंगे.

**6. परीक्षा का माध्यम :** प्रश्नपत्र हिंदी और अंग्रेजी, दोनों भाषाओं में होगा.

**7. परीक्षा का केंद्र :** परीक्षा केंद्र केवल मुम्बई में होगा. लिखित परीक्षा के लिए सही तिथि, समय और स्थान के बारे में उम्मीदवारों को **केवल उनके पंजीकृत ई-मेल पर ऑनलाइन बुलावा पत्र** के माध्यम से सूचित किया जाएगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-मेल नियमित रूप से देखते रहें.

**8. संभावित उम्मीदवारों के लिए सूचनाएं :** तिथि में परिवर्तन, संशोधन आदि होने पर उसके बारे में वेबसाइट : **www.bhartiseva.com** पर जानकारी दी जाएगी.

**9. लिखित परीक्षा के लिए उम्मीदवारों की लघुसूची बनाना :** पैरा-1 में उल्लिखित रिक्तियों की संख्या के लिए प्रभावी नीतियों के अनुसार ट्रेडवार लिखित परीक्षा के लिएं उम्मीदवारों की लघुसूची तैयार की जाएगी, और यह विज्ञापन की अंतिम तिथि के अनुसार प्राप्त किए गए मान्य ऑनलाइन आवेदनों पर आधारित होगा. लघुसूची में शामिल उम्मीदवारों को **नवंबर 2019 में मुम्बई में आयोजित होने वाली लिखित परीक्षा** के लिए बुलाया जाएगा.

**10. मेधा सूची/चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर प्रारंभिक मेधा सूची में शामिल उम्मीदवारों को **जनवरी 2020 में साक्षात्कार/कौशल जांच** के लिए बुलाया जाएगा. आरक्षण सूची में पर्याप्त उम्मीदवारों के साथ एप्रेंटिसशिप ट्रेड (आरक्षण सहित) के अनुसार लिखित परीक्षा और साक्षात्कार/कौशल जांच के अंकों को एक साथ मिलाकर अंतिम मेधा सूची तैयार की जाएगी. एक से अधिक उम्मीदवारों के अंक समान होने पर आईटीआई परीक्षा में अधिक अंक प्राप्त करने वाले उम्मीदवार को, उसके बाद उच्च विद्यालय (कक्षा 10) परीक्षा में अधिक अंक पाने वाले को वरीयता दी जाएगी. इसके बाद, वेबसाइट : **www.bhartiseva.com** पर उपलब्ध मेधा सूची (स्वास्थ्य जांच सहित) तथा उनके पंजीकृत ई-मेल पर ऑनलाइन संवाद के माध्यम से एप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण में शामिल होने के लिए उम्मीदवारों को बुलाया जाएगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे अपना ई-मेल नियमित रूप से देखते रहें.

**11. स्वास्थ्य जांच :** एक एप्रेंटिस के रूप में शामिल करने से पूर्व एक सरकारी अस्पताल के माध्यम से नियोक्ता द्वारा एप्रेंटिसशिप नियमावली, 1992 के नियम-4 और अनुसूची-II के अनुसार प्रत्येक उम्मीदवार का स्वास्थ्य परीक्षण करके उपयुक्त घोषित किया जाएगा.

**12. प्रशिक्षण की शुरूआत : अप्रैल, 2020**

**13. यात्रा/व्यय :** लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/कौशल जांच के लिए बुलाये जाने वाले उम्मीदवारों के लिए कोई यात्रा/व्यय मान्य नहीं है.

**14. रहना/खाना-पीना :** लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/कौशल जांच के लिए बुलाये गए उम्मीदवारों को अपने लिए रहने और खाने-पीने का प्रबंध खुद करना होगा. पूरी चयन प्रक्रिया के दौरान नौसेना डॉकयार्ड द्वारा उम्मीदवारों को कोई आवास सुविधा नहीं दी जाएगी.

**15. ऑनलाइन आवेदन भरना :** उम्मीदवार **www.bhartiseva.com** पर लॉगऑन करें और ऑनलाइन आवेदन भरें. इसके अलावा, उपर्युक्त वेबसाइट ऑनलाइन आवेदन भरे जाने के लिए 9 सितम्बर, 2019 को खुलेगी और 27 सितम्बर, 2019 तक खुली रहेगी।

उम्मीदवारों से यह भी अनुरोध है कि वे ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु ए-4 आकार और फाइल आकार 200 केबी तक (क्र. सं. (ए), (एच) और (के) नीचे को छोड़कर) **केवल .पीडीएफ फॉर्मेट में रंगीन में विधिवत स्कैन किया गया** अच्छी गुणवत्ता/पठनीय निम्नलिखित कागजात अपलोड करें :

(ए) **हल्की ग्रे पृष्ठ भूमि** में उम्मीदवार की पासपोर्ट आकार की तस्वीर (.जेपीईजी/.जेपीजी फॉर्मेट में) (आकार 3.5 सेंमी X 4.5 सेंमी, फाइल आकार 200 केबी तक)

(बी) एसएससी/मैट्रिक (10वीं कक्षा) अंक तालिका और जन्मतिथि का प्रमाण (जन्म प्रमाणपत्र अथवा आधार कार्ड)

(सी) कक्षा 8 अंकतालिका (जहां लागू हो)

(डी) आईटीआई अंक तालिका

(ई) मौजूदा प्रभावी नीतियों/नियमनों के अनुरूप समुदाय प्रमाणपत्र दाखिल करें (अजा/अजजा/अपिव (गैर-क्रीमी लेयर प्रमाणपत्र सहित)).

(एफ) शारीरिक विकलांगता प्रमाणपत्र, यदि लागू हो.

(जी) सशस्त्र बल कार्मिकों/पूर्व सैनिकों के पुत्र/पुत्री होने का प्रमाणपत्र, यदि लागू हो.

(एच) उम्मीदवार का आधार/पैन कार्ड/पासपोर्ट अथवा समय-समय पर सरकार द्वारा निर्धारित कोई अन्य पहचान प्रमाण/.जेपीईजी/.जेपीजी फॉर्मेट में (फाइल आकार 200 केबी तक).

(जे) रक्षा असैनिक/डॉकयार्ड कर्मचारी के पुत्र/पुत्री होने का प्रमाणपत्र, यदि लागू हो.

(के) उम्मीदवार का आधार कार्ड (अनिवार्य) .जेपीईजी/.जेपीजी आकार में (फाइल आकार 200 केबी तक). मोबाइल फोन/कैमरे से ली गयी अपनी तस्वीर और अन्य कागजात की तस्वीर अपलोड करना स्वीकार्य नहीं है.

**16. नियोजन का आशय पत्र और स्वीकार्यता :** प्रशिक्षण समाप्त होने के बाद किसी एप्रेंटिस के लिए आश्यपत्र देना नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई के लिए बाध्यकारी नहीं होगा, न ही नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई द्वारा आशय पत्र दिए जाने पर एप्रेंटिस के लिए भी कोई रोजगार स्वीकार करने की बाध्यता नहीं होगी. उम्मीदवारों के लिए एप्रेंटिस अधिनियम 1961 और विकलांगता अधिनियम 1995 के तहत नियमों और विनियमों से सुपरिचित होना जरूरी होगा. हालांकि, प्रभावी एसआरओ 43/2012 और 31/2017 के अनुसार निर्धारित ट्रेडों में कुशल ट्रेड्समैन की सीधी भर्ती में पूर्व-नौसेना एप्रेंटिसों का 60 प्रतिशत चयन होना शामिल है. उपर्युक्त योजना के अनुसार एप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण पूरा होने पर, सफल उम्मीदवार, रक्षा मंत्रालय की प्रभावी भर्ती नियमावली और आदेशों के प्रावधानों के अनुसार भारतीय नौसेना द्वारा आवश्यकतानुसार, कुशल ट्रेड्समैन के रूप में भर्ती हेतु आवेदन करने के लिए पात्र हो जाएंगे.

**17. नियम एवं शर्तें :** प्रशिक्षण के दौरान, एप्रेंटिस केवल नौसेना डॉकयार्ड डिस्पेंसरी से मुफ्त स्वास्थ्य उपचार पाने हेतु अधिकृत हैं.

**18. सामान्य विवरण :** आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित निर्देशों को सावधानी पूर्वक पढ़ें :

(ए) उम्मीदवार **www.bhartiseva.com** के माध्यम से **केवल ऑनलाइन** आवेदन करें. कोई कागजी प्रति स्वीकार्य नहीं होगी. आईटीआई के अंतिम सेमेस्टर में शामिल हो चुके उम्मीदवार और जिनका परिणाम आना बाकी है, वे भी ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पात्र होंगे. अप्रेंटिसशिप हेतु ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी बाद के किसी भी चरण में अमान्य घोषित कर दी जाएगी, जिन्हें आईटीआई परीक्षा के परिणाम में असफल घोषित किया गया हो, चाहे नामांकन की प्रक्रिया या अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के दौरान, चयन होने पर भी घोषित किया गया हो.

(बी) उम्मीदवारों के लिए परीक्षा हेतु कोई शुल्क भुगतान करना जरूरी नहीं है.

(सी) केवल ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने, पावती पत्र पाने, प्रवेश पत्र प्राप्त होने और परीक्षा में भाग लेने से निर्धारित ट्रेड एप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण के लिए प्रवेश की गारंटी नहीं हो जाती है. उम्मीदवारों का चयन मेधा सूची में उनके स्थान पर विचार करते हुए श्रेणीवार उपलब्ध रिक्तियों, मूल प्रमाणपत्रों की छंटाई, स्पष्ट पुलिस सत्यापन रिपोर्ट और स्वास्थ्य जांच आदि के आधार पर किया जाएगा.

(डी) उम्मीदवारों के लिए नौसेना डॉकयार्ड के पास आवेदन और प्रवेश पत्र की कागजी प्रति भेजना जरूरी नहीं है. उम्मीदवार इसे संभाल कर रखें और कागजात सत्यापन के समय प्रस्तुत करें.

(ई) उम्मीदवार ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने तथा अन्य किसी अद्यतन विवरण तथा बदलाव के बारे में जानने के लिए वेबसाइट : **www.bhartiseva.com** देखें.

(एफ) समय-समय पर सूचना/अद्यतन विवरण प्राप्त करने के लिए उम्मीदवार अपना व्यक्तिगत मान्य मोबाइल नंबर और ई-मेल उल्लिखित करें.

(जी) लिखित परीक्षा बहु-विकल्पीय प्रकार तथा ओएमआर उत्तर पुस्तिका पर आधारित होगी. गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं घटाया जाएगा.

(एच) किसी रूप में सिफारिश करने से उम्मीदवार अयोग्य हो जाएगा. चयन प्रक्रिया पूरी तरह मेधाविता पर आधारित होगी. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे किसी असामाजिक तत्व के झांसे में न आएं.

(जे) केवल ऐसे उम्मीदवारों को ही परीक्षा भवन में प्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी जो उम्मीदवार द्वारा डाउनलोड तथा प्रिंट किए गए **मान्य प्रवेशपत्र** के साथ होंगे, जिस पर **स्पष्ट तौर पर तस्वीर तथा हस्ताक्षर** मौजूद हों. कागजात अपलोड करते समय, उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्रवेश पत्र पर प्रिंटिंग के लिए उनकी स्पष्ट तस्वीर तथा उनके हस्ताक्षर अपलोड किए गए हैं.

(के) उम्मीदवार किसी के बदले खुद को पेश करने अथवा अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को पेश करने का प्रयास चयन प्रक्रिया के किसी चरण में न करें अथवा वे अपने बगल वाले उम्मीदवार, पुस्तक से नकल करने और किसी इलेक्ट्रॉनिक यंत्र का इस्तेमाल करने का प्रयास न करें.

(एल) किसी महत्वपूर्ण तथ्य को छिपाने अथवा फर्जी प्रमाणपत्र दाखिल करने से चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है.

(एम) परीक्षा के दौरान यदि यह पाया जाता है कि कोई उम्मीदवार किसी गलत साधन का इस्तेमाल करता है तो उम्मीदवार को प्रतिबंधित किया जाएगा और उसे भविष्य में भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित किसी परीक्षा/लिखित परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी.

(एन) पात्रता, आवेदन की स्वीकार्यता/अस्वीकृति भाषा, परीक्षा केंद्र आवंटन से संबंधित सभी मामले में एडमिरल सुपरिंटेंडेंट, नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई का निर्णय अंतिम तथा उम्मीदवारों के लिए बाध्यकारी होगा तथा इसके बारे में कोई पूछताछ/पत्राचार स्वीकार्य नहीं होगा.

(पी) मौजूदा नियमावली के अनुसार निर्धारित ट्रेड एप्रेंटिस को नियोजित करने से संबंधित नियम-शर्तों में बाद में बदलाव संभव है. भारतीय नौसेना के पास आवश्यकतानुसार तथा यथाप्रयोज्य इस विज्ञापन सूचना के तहत नियमों-शर्तों में कोई अन्य बदलाव/संशोधन/युग्मन का अधिकार सुरक्षित है. किसी शुद्धिपत्र को वेबसाइट : **www.bhartiseva.com** पर प्रकाशित किया जाएगा.

(क्यू) लिखित परीक्षा के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवार यह सुनिश्चित करें कि वे परीक्षा के लिए प्रवेश हेतु सभी पात्रता शर्तें पूरी करते हैं. परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूर्णतः अनंतिम होगा, जो निर्धारित पात्रता शर्तें पूरी करने पर आधारित होगा. यदि लिखित परीक्षा से पहले अथवा बाद में किसी समय, कागजात के सत्यापन पर, यह पाया जाता है कि उम्मीदवार कोई पात्रता शर्त पूरी नहीं करता है तो परीक्षा के लिए उसकी उम्मीदवारी को भारतीय नौसेना/एडमिरल सुपरिन्टेंडेंट, नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई द्वारा रद्द कर दी जाएगी.

**19. उम्मीदवारी की अस्वीकार्यता :** ऑनलाइन आवेदन करने से पूर्व उम्मीदवार सभी निर्देशों को सावधानीपूर्वक पूरी तरह पढ़ें. निम्नलिखित कारणों में से एक अथवा अधिक होने पर उनका आवेदन/उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है :

(ए) अधूरा आवेदन.

(बी) ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि पर नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में निर्धारित ट्रेड एप्रेंटिसशिप में शामिल होने के लिए निर्धारित योग्यता नहीं धारण करना.

(सी) अधिक उम्र अथवा कम उम्र अथवा जन्म तिथि का उल्लेख नहीं करना अथवा गलत रूप में उल्लेख करना.

(डी) दो अथवा कई आवेदन दाखिल करना.

(ई) स्पष्ट तस्वीर के बिना, कैप/गोगल सहित तस्वीर, विकृत, पहचान से परे अथवा अस्पष्ट अथवा पहचान नहीं होने योग्य तस्वीर वाला आवेदन.

(एफ) किसी अन्य अनियमिताएं से, जो एडमिरल सुपरिन्टेंडेंट, नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई द्वारा आवेदक की उम्मीदवारी को अमान्य माना जाएगा.

(जी) कक्षा 10/आईटीआई, प्रमाणपत्र के अनुसार ऑनलाइन आवेदन में नाम, पिता का नाम और जन्मतिथि में अंतर होना.

(एच) आवेदित ट्रेड और आईटीआई ट्रेड प्रमाणपत्र के बीच असंबद्धता.

(जे) गलत आधार कार्ड विवरण देना.

**किसी स्पष्टीकरण/सहायता के लिए उम्मीदवार हमसे सम्पर्क करें:-**


**ई-मेल : admin@bhartiseva.com**

**फैक्स : 022-22661527**

**डीएवीपी/10702/11/0126/1920**

नोट :- इस विज्ञापन से सम्बन्धित अन्य जानकारी के लिए कृपया रोजगार समाचार नई दिल्ली दिनांक 7-13 सितंबर, 2019 का अवलोकन करें।

# डॉकयार्ड एप्रेंटिस स्कूल नौसेना डॉकयार्ड मुम्बई-400023



## गैर पदनामित ट्रेडों में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिये नामांकन (ओटी- 03)

1. नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई प्रशिक्षुता नियम 1992 के साथ पठित प्रशिक्षुता अधिनियम-1961 के अधीन डॉकयार्ड अप्रेंटिस स्कूल में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण में नामांकन के लिये विभिन्न ग़ैर-पदनामित ट्रेडों में आईटीआई अर्हक उम्मीदवारों (पुरुष/महिला) से ऑनलाइन आवेदन-पत्र आमंत्रित करता है. नीचे दर्शाए अनुसार वितरण के अनुरूप कुल 300 रिक्तियां भरी जानी है :-

**एक वर्षीय प्रशिक्षण (ग़ैर-पदनामित ट्रेड)**

| क्र. सं. | प्रशिक्षुता प्रशिक्षण ट्रेड | पात्र आईटीआई ट्रेड | रिक्तियां | रिक्तियों का विवरण (परिवर्तन के विषयाधीन) | | | | | क्षैतिज आरक्षण | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | अजा | अजजा | अपिव | अना | कुल | पीडब्ल्यूडी | सशस्त्र सेनाएं |
| (क) | बॉयलर मेकर | (i) वैल्डर (जी एंड ई)<br>(ii) फिटर | 25 | 2 | 2 | 5 | 16 | **25** | 2 | 1 |
| (ख) | गैस टरबाइन फिटर | मैकेनिक डीजल | 26 | 2 | 2 | 6 | 16 | **26** | 1 | शून्य |
| (ग) | मशीनरी नियंत्रण फिटर | इंस्ट्रूमेंट मैकेनिक | 10 | 1 | 1 | 2 | 6 | **10** | शून्य | 1 |
| (घ) | हीट इंसुलेटर | फिटर | 01 | 0 | 0 | 0 | 1 | **01** | 1 | शून्य |
| (ङ) | कम्प्यूटर फिटर | (i) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली अनुरक्षण<br>(ii) इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक<br>(iii) मैकेनिक रेडियो एवं टीवी<br>(iv) मैकेनिक सह ऑपरेटर इलेक्ट्रॉनिक संचार प्रणाली | 11 | 1 | 1 | 2 | 7 | **11** | शून्य | 1 |
| (च) | इलेक्ट्रिक फिटर | इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 45 | 4 | 4 | 10 | 27 | **45** | शून्य | 1 |
| (छ) | ग्रायो फिटर | (i) इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक<br>(ii) सूचना और संचार प्रौद्योगिकी प्रणाली अनुरक्षण | 09 | 1 | 1 | 2 | 5 | **09** | 1 | शून्य |
| (ज) | राडार फिटर | (i) इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक<br>(ii) मैकेनिक रेडियो एवं टीवी<br>(iii) तकनीशियन पावर इलेक्ट्रॉनिक्स प्रणाली | 24 | 2 | 2 | 5 | 15 | **24** | 1 | 1 |
| (झ) | रेडियो फिटर | (i) इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक<br>(ii) मैकेनिक रेडियो एवं टीवी | 18 | 2 | 2 | 4 | 10 | **18** | 1 | |
| (ट) | सोनार फिटर | (i) इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक<br>(ii) मैकेनिक संचार उपकरण अनुरक्षण | 10 | 1 | 1 | 2 | 6 | **10** | शून्य | 1 |
| (ठ) | वैपन फिटर | मैकेनिक मशीन टूल अनुरक्षण | 31 | 3 | 3 | 7 | 18 | **31** | 1 | |
| (ड) | सिविल वर्क्स/मेसन | भवन अनुरक्षण | 32 | 3 | 3 | 7 | 19 | **32** | शून्य | 1 |
| (ढ) | आईसीई फिटर क्रेन | मैकेनिक मोटर वाहन | 44 | 4 | 4 | 10 | 26 | **44** | शून्य | 1 |
| (ण) | शिप फिटर | प्लम्बर | 14 | 1 | 1 | 3 | 9 | **14** | 1 | 1 |
| | | **कुल** | **300** | 27 | 27 | 65 | 181 | **300** | 10 | 08 |

उपर्युक्त एक और दो वर्षीय प्रशिक्षण के लिये अनिवार्य/वांछनीय शैक्षणिक अर्हताएं प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के लिये लागू नीतियों के अनुरूप होंगी.

**2. रिक्तियों का आरक्षण**

**(क) अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिये :** अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिये रिक्तियां प्रशिक्षुता नियम 1992 के नियम 5 की अनुसूची-IIए के साथ जोड़कर पठनीय प्रशिक्षुता अधिनियम-1961 के अध्याय II के अनुच्छेद 3क (1) और (2) तथा अनुच्छेद 3ख (1) एवं (2), दोनों के अनुसार आरक्षित है, बशर्ते कि जब अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियों में से किसी से भी संबंधित व्यक्ति निर्धारित संख्या में उपलब्ध नहीं होते है तो उनके लिये आरक्षित रिक्तियां अनुसूचित जनजातियों अथवा जो भी मामला हो, अनुसूचित जाति से संबंधित व्यक्तियों से भर ली जायेंगी और यदि निर्धारित रिक्ति उपर्युक्त पद्धति से भी नहीं भरी जा सकती है तो ऐसी रिक्तियों को उन व्यक्तियों से भरा जा सकता है जो कि अनुसूचित जातियों अथवा अनुसूचित जनजातियो से संबंधित नहीं हैं.

**(ख) अपिव उम्मीदवारों के लिये :** अपिव उम्मीदवारों के लिये रिक्तियां महाराष्ट्र राज्य राजपत्र अधिसूचना भाग IV दिनांक 22 जनवरी 2004 के पैरा 4 के अनुसार है. यदि अपिव उम्मीदवारों के लिये आरक्षित रिक्तियों को अन्य पिछड़ा वर्गो से नहीं भरा जा सकता है, तो नहीं भरी जा सकी ऐसी रिक्तियों को अन्य पिछड़ा वर्गो से भिन्न उम्मीदवारों से भरा जा सकता है.

**(ग) नि:शक्त व्यक्तियों के लिये :** डीजीईटी पत्र सं. डीजीईटी-46(24)/एपी दिनांक 23 जुलाई 1981, प्रशिक्षुता प्रशिक्षण मैनुअल के अनुच्छेद 3.6.2 अध्याय III और नि:शक्त व्यक्ति अधिनियम 1995 के तहत 3 प्रतिशत रिक्तियां आरक्षित हैं.

**(घ) सशस्त्र सेनाओं के लिये :** नीचे दिये गये विवरण के अनुसार भूतपूर्व सैनिकों, उनके बच्चों और सशस्त्र सेना कार्मिकों के बच्चों के लिये 3 प्रतिशत आरक्षण होगा :-

(i) मारे गये/नि:शक्त भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे, उन सहित जो कि शांति के दौरान मारे गये/निशक्त हुए हैं

(ii) भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे

(iii) सेवारत जवानों के बच्चे

(iv) सेवारत अधिकारियों के बच्चे

(v) भूतपूर्व सैनिक

**3. पात्रता शर्तें :**

**(क) अनिवार्य अर्हताएं :** प्रशिक्षुता नियम 1992 के साथ पठित प्रशिक्षुता अधिनियम-1961 के अनुरूप पदनामित ट्रेडों में प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त करने हेतु किसी व्यक्ति के पास न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता 10वीं श्रेणी (प्रशिक्षुता अधिनियम 1961 के अनुसार) साथ में 10वीं श्रेणी परीक्षा में न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक हों तथा कुल मिलाकर 65 प्रतिशत अंकों के साथ संगत ट्रेड में आईटीआई परीक्षा उत्तीर्ण की होनी चाहिये (अनंतिम राष्ट्रीय ट्रेड प्रमाणपत्र स्वीकार्य). इसके अलावा उम्मीदवार ने एनसीवीटी से मान्यता प्राप्त किसी संस्थान से संगत आईटीआई/ट्रेड परीक्षा उत्तीर्ण की होने चाहिये और आवेदन बंद होने की तिथि को उसके पास अर्हता होनी चाहिये. जो उम्मीदवार रिगर और क्रेन ऑपरेटर (ओवरहैड स्टील इंडस्ट्री) के लिये 'फ्रेशर' के तौर पर नामांकित किये जाने हैं उनके पास केवल 8वीं कक्षा उत्तीर्ण, बग़ैर आईटीआई, होनी चाहिये.

**(ख) आयु :** 01 अप्रैल 1999 से 31 मार्च 2006 के बीच जन्म हुआ हो. ऊपरी आयु सीमा अजा/अजजा उम्मीदवारों के लिये पांच वर्ष शिथिलनीय है और रक्षा मंत्रालय के पत्र एफएम/0442/एनएचक्यू/1278 डी (एन-II) दिनांक 14 नवंबर 1996 के अनुसार रक्षा कार्मिकों अथवा नौसेना सिविलियनों के बच्चों के लिये दो वर्ष शिथिलनीय है.

**(ग) न्यूनतम शारीरिक मानदंड : ऊंचाई :** 150 सेंटीमीटरः **वजन :** 45 किलोग्राम से कम, सीना विस्तार. 5 सेंटीमीटर से कम नहीं होना चाहिये, नेत्र दृष्टि 6/6 से 6/9 (6/9, चश्में साथ सुधार), बाहरी और आंतरिक अंग सामान्य होने चाहिये. शारीरिक फिटनेस मानदंड रक्षा मंत्रालय के पत्र एफएम/0442/एनएचक्यू/1278 डी (एन-II) दिनांक 14 नवंबर, 1996 के अनुसार हैं.

**(घ) पूर्ववर्ती प्रशिक्षण :** जो उम्मीदवार पहले से किसी सरकारी/सार्वजनिक क्षेत्र/निजी

(क्रमशः)

औद्योगिक संगठन में प्रशिक्षुता अधिनियम-1961 के अधीन प्रशिक्षुता प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं अथवा वर्तमान में कर रहे है वे चालू नामांकन के लिये आवेदन करने के पात्र नहीं हैं.

4. **प्रशिक्षुओं को वृत्तिका का भुगतान :** प्रशिक्षुओं को प्रतिमाह देय न्यूनतम वृत्तिका की दर निम्नानुसार होगी (प्रशिक्षुता नियम-1992 का नियम 11 संगत है), नामतः

| क्रम सं. | अवधि | वृत्तिका * |
|---|---|---|
| (क) | प्रशिक्षण के पहले वर्ष के दौरान | महाराष्ट्र राज्य द्वारा अधिसूचित अर्द्ध कुशल श्रमिकों की न्यूनतम दिहाड़ी का सत्तर प्रतिशत |
| (ख) | प्रशिक्षण दूसरे वर्ष के दौरान | महाराष्ट्र राज्य द्वारा अधिसूचित अर्द्ध कुशल श्रमिकों की न्यूनतम दिहाड़ी का अस्सी प्रतिशत |

* बशर्ते कि जहां कहीं किसी ट्रेड के लिये न्यूनतम दिहाड़ी की दर राज्य सरकार अथवा संघ शासित प्रदेश द्वारा अधिसूचित नहीं की गई है, तब, ऐसी राज्य सरकार अथवा संघ शासित प्रदेश द्वारा अर्द्धकुशल कामगारों के लिये अधिसूचित अनुसूचित रोज़गार की न्यूनतम दिहाड़ी का अधिकतम को संबंधित ट्रेड में वृत्ति के भुगतान के लिये गणना में लिया जायेगा.

5. **परीक्षा की योजना :** अनिवार्य अर्हताओं के मानदंड पूरा करने वाले उम्मीदवारों को, उक्त पैरा 3 के अनुरूप, **दिसंबर, 19** में मुंबई में निर्धारित लिखित परीक्षा के लिये बुलाया जायेगा. 2 घण्टे की अवधि की लिखित परीक्षा में सामान्य विज्ञान, सामान्य ज्ञान और गणित पर 100 बहु विकल्प प्रश्न शामिल होंगे.

6. **परीक्षा का माध्यम :** प्रश्न पत्र अंग्रेजी और हिंदी दोनों में होगा.

7. **परीक्षा का केंद्र :** परीक्षा का केंद्र केवल मुंबई होगा. लिखित परीक्षा की सही तिथि, समय और स्थान के बारे में उम्मीदवारों को केवल उनके पंजीकृत ई-मेल आईडीज पर ऑनलाइन बुलावा पत्र के जरिये सूचित किया जायेगा. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे अपने ई-मेल की नियमित तौर पर जांच कर लें.

8. **भावी उम्मीदवारों को सूचना :** तिथियों की अनुसूची में कोई बदलाव, संशोधन आदि के मामले में, इसे वेबसाइट **www.bhartiseva.com** में उपलब्ध कराया जायेगा.

9. **लिखित परीक्षा के लिये उम्मीदवारों का अल्पसूचीकरण :** लिखित परीक्षा के लिये उम्मीदवारों का अल्पसूचीकरण पैरा 1 में इंगित रिक्तियों की संख्या के लिये लागू नीतियों के अनुरूप ट्रेडवार किया जायेगा और यह विज्ञापन की बंद होने की तिथि को प्राप्त वैध ऑनलाइन आवेदनों के आधार पर किया जायेगा. अल्पसूचीबद्ध उम्मीदवारों को **नवंबर 2019 में मुंबई में होने वाली लिखित परीक्षा** के लिये बुलाया जायेगा.

10. **मैरिट सूची/चयन प्रक्रिया :** लिखित परीक्षा में प्राप्त अंकों के आधार पर प्रारंभिक मैरिट सूची में रखे गये उम्मीदवारों को **जनवरी, 2020 में साक्षात्कार/कौशल परीक्षा** के लिये बुलाया जायेगा. अंतिम मैरिट सूची आरक्षित सूची में पर्याप्त उम्मीदवारों के साथ प्रशिक्षुता ट्रेड (आरक्षणों सहित) के अनुसार लिखित परीक्षा और साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के समेकित अंकों पर विचार करते हुए तैयार की जायेगी. बराबरी के मामले में, उस उम्मीदवार को वरीयता दी जायेगी जिसने आईटीआई परीक्षा में, तदुपरांत हाई स्कूल (10वीं कक्षा) परीक्षा में उच्चतर अंक प्राप्त किये है. इसके उपरांत उम्मीदवारों को, वेबसाइटः **www.bhartiseva.com** पर यथा घोषित और उनके पंजीकृत ई-मेल आईडी पर ऑनलाइन कम्यूनिकेशन के जरिए मैरिट स्थान (मेडिकल फिटनेस सहित) के आधार पर प्रशिक्षुता प्रशिक्षण में शामिल होने के लिये बुलाया जायेगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित तौर पर अपने ई-मेल की जांच करते रहें.

11. **चिकित्सा जांच :** प्रत्येक उम्मीदवार की प्रशिक्षु के तौर पर नियुक्ति प्रदान किये जाने से पहले **एक पंजीकृत चिकित्सा प्रैक्टिशनर** के जरिए नियोक्ता द्वारा प्रशिक्षुता नियम, 1992 के नियम 4 और अनुसूची II के अनुरूप जांच कराई जायेगी और फिट घोषित किया जायेगा.

12. **प्रशिक्षण की शुरूआत : अप्रैल, 2020**

13. **यात्रा/व्यय :** लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के लिये बुलाये गये उम्मीदवारों को कोई यात्रा व्यय देय नहीं होगा.

14. **ठहरना/खानापीना :** लिखित परीक्षा/साक्षात्कार/कौशल परीक्षा के लिये बुलाये गये उम्मीदवारों को अपने ठहरने/खाने पीने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी. समूची चयन प्रक्रिया के दौरान नौसेना डॉकयार्ड की ओर से किसी भी उम्मीदवार को कोई आवास उपलब्ध नहीं कराया जायेगा.

15. **ऑनलाइन आवेदन-पत्र भरना :** उम्मीदवारों के लिये **www.bhartiseva.com** पर लॉग ऑन करना और ऑनलाइन आवेदन भरना अपेक्षित है. आगे उक्त वेबसाइट ऑनलाइन आवेदन भरने के लिये 9 सितंबर, 2019 को खुलेगी और 27 सितंबर, 2019 तक खुली रहेगी।

उम्मीदवारों से यह भी अनुरोध किया जाता है कि ऑनलाइन आवेदन भरने के लिये केवल .pdf फॉर्मेट में कलर में विधिवत स्कैन किये गये ए 4 आकार में और फाइल का आकार 200 केबी तक हो (नीचे क्रम सं. (क), (ज) और (ठ) को छोड़कर) निम्नलिखित अच्छी गुणवत्ता के/पढ़ने योग्य दस्तावेज भी संलग्न करें :-

(क) उम्मीदवार का हल्की ग्रे पृष्ठभूमि में पासपोर्ट आकार का फोटो (आकार 3.5 सें.मी. X 4.5 सें.मी., फाइल आकार 200 केबी तक), **.jpeg/.jpg** फॉर्मेट में हो.

(ख) एसएससी/मैट्रिकुलेशन (10वीं श्रेणी) अंक शीट और जन्म तिथि का सबूत (जन्म प्रमाणपत्र या आधार कार्ड)

(ग) 8वीं श्रेणी की अंक शीट (जहां कहीं लागू है)

(ग) आईटीआई अंक शीट

(घ) समुदाय प्रमाण-पत्र (अजा/अजजा/अपिव के लिये (गैर संपन्न वर्ग प्रमाणपत्र के साथ) केवल) लागू नीतियों/विनियमों के अनुसार प्रस्तुत किया जाना है.

(ङ) शारीरिक विकलांगता प्रमाणपत्र (यदि लागू है)

(च) प्रमाणपत्र, यदि सशस्त्र सेना कार्मिक/भूतपूर्व सैनिक के पुत्र/पुत्री है . (यथा लागू)

(छ) उम्मीदवार का आधार/पैन कार्ड अथवा सरकार द्वारा समय-समय पर पहचान के सबूत के तौर पर निर्धारित अन्य प्रमाण की प्रति, फाइल आकार 200 केबी तक, **.jpeg/.jpg** फॉर्मेट में हो.

(ज) रक्षा सिविलियन/डॉकयार्ड कर्मचारियों के पुत्र/पुत्री का प्रमाणपत्र, यदि लागू है.

(झ) उम्मीदवार का आधार कार्ड (**अनिवार्य**), फाइल आकार 200 केबी तक, **.jpeg/.jpg** फॉर्मेट में हो.

स्वयं के फोटोग्राफ और अन्य दस्तावेजों के फोटोग्राफ जो कि मोबाइल फोन/कैमरा से लिये गये हैं और अपलोड किये गये है, **स्वीकार्य नहीं होंगे.**

16. **रोज़गार का प्रस्ताव और स्वीकार्यता :** प्रशिक्षण पूरा करने के उपरांत किसी भी प्रशिक्षु को कोई रोज़गार का प्रस्ताव करने की नियोक्ता की कोई ज़िम्मेदारी नहीं होगी और न ही प्रशिक्षु के लिये, यदि नियोक्ता द्वारा प्रस्ताव किया जाता है, कोई रोज़गार स्वीकार करना अनिवार्य होगा. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे प्रशिक्षुता अधिनियम, 1961 और निःशक्ता अधिनियम, 1995 के अधीन नियमों और विनियमों से स्वयं को परिचित करा लें. यद्यपि लागू एसआरओ 43/2012 और 31/2017 के अनुसार, ट्रेड्समैन कुशल की सीधी भर्ती में 60 प्रतिशत चयन पूर्व नौसेना पदनामित प्रशिक्षु के लिये पदनामित ट्रेडों के लिये भर्ती सम्मिलित है. उपर्युक्त योजना के अनुसार प्रशिक्षुता प्रशिक्षण पूरा करने पर सफल उम्मीदवार लागू कथित भर्ती नियमों और रक्षा मंत्रालय के आदेशों के प्रावधानों के अनुसार भारतीय नौसेना में जब भी भर्ती की जायेगी ट्रेडसमैन कुशल के तौर पर भर्ती के लिये आवेदन करने के पात्र हो जायेंगे.

17. **शर्तें एवं निबंधन :** प्रशिक्षण के दौरान, प्रशिक्षु केवल नौसेना डॉकयार्ड डिसपेन्सरी से निःशुल्क इलाज के हकदार होंगे.

18. **सामान्य सूचना :** आवेदकों को सलाह दी जाती है कि वे निम्नलिखित अनुदेशों को ध्यानपूर्वक पढ़ लें :-

(क) उम्मीदवारों को **www.bhartiseva.com** के जरिए **केवल ऑनलाइन** आवेदन करना है. भौतिक फार्म स्वीकार नहीं किये जायेंगे. जिन उम्मीदवारों ने आईटीआई के अंतिम सेमेस्टर की परीक्षा दी है और जो परिणाम का इंतज़ार कर रहे हैं वे भी ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं. प्रशिक्षुता हेतु ऐसे उम्मीदवारों की उम्मीदवारी समाप्त घोषित कर दी जायेगी, यदि बाद की तिथि में उन्हें आईटीआई परीक्षा परिणाम में असफल घोषित कर दिया जाता है, भले ही उन्हें ऐसा नामांकन की प्रक्रिया के दौरान अथवा प्रशिक्षुता प्रशिक्षण के दौरान, यदि चयन हो जाता है, घोषित किया गया है.

(ख) उम्मीदवारों को परीक्षा के लिये कोई फीस का भुगतान करना अपेक्षित नहीं है.

(ग) ऑनलाइन आवेदन पत्र प्रस्तुत करने, पावती प्राप्त होने, प्रवेश पत्र प्राप्त होने और परीक्षा में उपस्थित होने मात्र से पदनामित ट्रेड प्रशिक्षुता के तौर पर शामिल कर लिये जाने की कोई गारंटी नहीं हो जायेगी. उम्मीदवारों का चयन श्रेणीवार रिक्तियों की उपलब्धता, मूल प्रमाणपत्रों की जांच, स्पष्ट पुलिस सत्यापन रिपोर्ट और चिकित्सा जांच आदि पर विचार करते हुए मैरिट स्थान के आधार पर होगा.

(घ) उम्मीदवारों के लिये आवेदन-पत्र और प्रवेश-पत्र की हार्ड प्रति नेवल डॉकयार्ड को प्रेषित करना अपेक्षित नहीं है. हालांकि इसे उम्मीदवारों को अपने पास रख लेना चाहिये और इसे उम्मीदवारों को दस्तावेज सत्यापन के समय प्रस्तुत करना होगा.

(ङ) उम्मीदवारों के लिये ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुति के लिये किसी भी अद्यतनों और परिवर्तनों के लिये वेबसाइट **www.bhartiseva.com** की जांच करना अपेक्षित है.

(च) उम्मीदवारों के लिये समय-समय पर सूचनाओं/अद्यतनों के लिये वैध मोबाईल नं. और ई-मेल आईडी देना अपेक्षित है.

(छ) लिखित परीक्षा बहु विकल्प प्रश्न प्रकृति और ओएमआर उत्तरपर्णी आधारित कोई नकारात्मक मार्किंग नहीं होगी.

(ज) किसी भी प्रकार की सिफारिश से उम्मीदवार अयोग्य हो जायेगा. चयन प्रक्रिया पूरी तरह मैरिट के आधार पर है. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे धोखेबाज तत्वों के बहकावे में न आयें.

(झ) उम्मीदवारों को परीक्षा हाल में **केवल वैध**, उम्मीदवार द्वारा डाउनलोड और प्रिंट किये गये **प्रवेश-पत्र,** जिसमें **फोटो और हस्ताक्षर** स्पष्ट दिख रहे हों, के साथ प्रवेश करने की अनुमति होगी. अतः उम्मीदवारों को यह सलाह दी जाती है कि वे यह सुनिश्चित करें कि प्रवेश पत्र पर प्रिंट हेतु उनके उचित स्पष्ट फोटो और हस्ताक्षर अपलोड किये गये हैं.

(ट) उम्मीदवार को छद्मरूपण का प्रयास नहीं करना चाहिये अथवा चयन प्रक्रिया के किसी भी चरण में किसी छद्मरूपण की सहायता नहीं लेनी चाहिये अथवा पड़ौसी उम्मीदवारों, पुस्तकों से नकल करने का प्रयास नहीं करना चाहिये और किसी प्रकार के इलेक्ट्रॉनिक उपकरण का प्रयोग नहीं करना चाहिये.

(ठ) तथ्यों को छिपाया जाना अथवा जाली प्रमाणपत्र प्रस्तुत किये जाने से इस प्रक्रिया के चयन के किसी भी चरण में उसकी उम्मीदवारी नामंजूर हो जायेगी.

(ड) यदि कोई उम्मीदवार परीक्षा के दौरान **किसी भी प्रकार के अनुचित तरीके अपनाये हुए पाया जाता है तो उम्मीदवार** की उम्मीदवारी पर सरसरी तौर पर प्रतिबंध लगाया दिया जायेगा और **उम्मीदवार को भविष्य में किसी तिथि को** भारतीय नौसेना द्वारा आयोजित परीक्षा/लिखित परीक्षा में उपस्थिति होने की अनुमति नहीं दी जायेगी.

(ढ) **पात्रता, किसी भी आवेदन** की स्वीकृति/अस्वीकृति, भाषा के आबंटन, परीक्षा केंद्र आदि **से संबंधित सभी मामलों** में एडमिरल सुप्रिन्टेंडेंट, नेवल डॉकयार्ड, मुंबई का निर्णय अंतिम और उम्मीदवार के लिये बाध्यकारी होगा और इस संबंध में किसी भी पूछताछ/पत्राचार पर विचार नहीं किया जायेगा.

(ण) लागू नियमों के अनुसार पदनामित ट्रेड प्रशिक्षुओं की नियुक्ति की शर्तें एवं निबंधन में बाद में कोई भी परिवर्तन मान्य होगा. भारतीय नौसेना के पास इस विज्ञापन सूचना के अधीन शर्तों एवं निबंधन में यथा आवश्यक और लागू बाद में कोई भी परिवर्तन/संशोधन/विस्तार को शामिल करने का अधिकार सुरक्षित है. कोई भी शुद्धिपत्र **www.bhartiseva.com** में प्रकाशित किया जायेगा.

(त) परीक्षा के लिये आवेदन कर रहे उम्मीदवारों को सुनिश्चित करना चाहिये कि वे परीक्षा में प्रवेश के लिये पात्रता मानदंड पूरा करते हैं. परीक्षा के सभी चरणों में उनका प्रवेश पूरी तरह अनंतिम, उनके निर्धारित पात्रता मानदंडों को पूरा करने के अधीन पूरी तरह अनंतिम होगा. यदि दस्तावेज की जांच करने पर लिखित परीक्षा से पहले या बाद में यह पाया जाता है कि उम्मीदवार कोई पात्रता शर्त पूरा नहीं करता है, परीक्षा हेतु उसकी उम्मीदवारी को भारतीय नौसेना/एडमिरल सुप्रिन्टेंडेंट, नेवल डॉकयार्ड, मुंबई द्वारा निरस्त कर दिया जायेगा.

19. **उम्मीदवार की अस्वीकृति :** उम्मीदवारों से अनुरोध है कि आवेदन करने से पहले सभी अनुदेशों को ध्यान पूर्वक और अच्छी तरह से पढ़ लें. अन्यथा उनके आवेदन निम्नलिखित एक या अधिक कारणों से नामंजूर होने की संभावना है. उम्मीदवार का आवेदन अथवा उम्मीदवारी निम्नलिखित किसी भी कारण से नामंजूर हो सकती है :

(क) अपूर्ण आवेदन-पत्र

(ख) ऑनलाइन आवेदन की बंद होने की तिथि को नौसेना डॉकयार्ड, मुंबई में पदनामित ट्रेड प्रशिक्षुता के लिये निर्धारित अर्हता नहीं रखना.

(ग) अधिक आयु या कम आयु अथवा जन्म तिथि न भरना अथवा गलत भरना

(घ) दोहरे या अनेक आवेदन-पत्र प्रस्तुत करना

(ङ) स्पष्ट फोटो के बगैर आवेदन प्रस्तुत करना, टोपी, चश्मा पहनकर फोटो खिंचवाना, अस्पष्ट, पहचान में न आने वाले या अस्पष्ट अथवा पहचानने के अयोग्य फोटो होना.

(च) ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र में नाम, पिता के नाम और जन्म तिथि का 10वीं प्रमाण-पत्र/आईटीआई प्रमाणपत्र के साथ मिलान न होना.

(ठ) आवेदित ट्रेड और आईटीआई ट्रेड प्रमाणपत्र के बीच असंगतता

(ड) आधार कार्ड के गलत विवरण उपलब्ध कराना

**किसी भी स्पष्टीकरण/सहायता के लिये उम्मीदवार हमें admin@bhartiseva.com पर ई-मेल कर सकते हैं.**

**संपर्क नं. 022-22661527**

**डीएवीपी 10702/11/0128/1920**

नोट :- इस विज्ञापन से सम्बन्धित अन्य जानकारी के लिए कृपया रोजगार समाचार नई दिल्ली दिनांक 7-13 सितंबर, 2019 का अवलोकन करें।

भारत सरकार

# रक्षा मंत्रालय

1. एकीकृत मुख्यालय , रक्षा मंत्रालय (नौसेना) के प्रशासनिक नियंत्रण के अधीन नवल डॉकयार्ड, मुंबई तथा विज़ग वेतनमान रु.10000-15200/- (सातवें कें.वे.आ. वेतन मैट्रिक्स के लेवल-11 में संशोधित) में **तकनीकी अधिकारी (समूह 'क') के चार (04) पदों को प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित)** आधार पर भरने के लिए आवेदनपत्र आमंत्रित किए जाते हैं. उम्मीदवारों के लिए पात्रता शर्तें निम्नानुसार हैं :

**प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित) :-**

केंद्रीय/राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्रों/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/मान्यताप्राप्त अनुसंधान संस्थाओं/अर्द्ध-सरकारी/सांविधिक या स्वायत्त संगठनों के अधिकारी, जो :-

**(क) (i)** मूल सवंर्ग/विभाग में नियमित आधार पर सदृश पदधारी हैं, **या**

**(ii)** मूल संवर्ग या विभाग में संशोधन पूर्व वेतनमान रु. 8000-13500/- (सातवें कें.वे.आ. वेतन मैट्रिक्स के लेवल-10 में संशोधित) में नियमित आधार पर नियुक्ति के बाद ग्रेड में पांच वर्ष की सेवा रखते हों या समकक्ष; **और**

**(ख)निम्नलिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव रखते हों :-**

**(i)** किसी मान्यताप्राप्त विश्वविद्यालय से यांत्रिक/वैद्युत/इलेक्ट्रॉनिकी/मैरीन/नौसेना वास्तुकला इंजीनियरी में डिग्री या समकक्ष.

**(ii)** उत्पादन, नियोजन एवं नियंत्रण/अंडर वाटर पेंट्स/पोतों की डॉकिंग एवं अनडॉकिंग/शस्त्र उपस्करों के संस्थापन/सभी वैद्युत पहलुओं/प्रोग्रामिंग, डाटा विश्लेषण/इंजीनियरी/सिविल इंजीनियरी में डॉकयार्ड/रिपेयर यार्ड में कार्य करने का पांच (05) वर्ष का अनुभव.

**टिप्पणी**- केंद्रीय सरकार के एक ही या किसी अन्य संगठन या विभाग में इस नियुक्ति से तत्काल पहले धारित अन्य संवर्ग बाह्य पद की प्रतिनियुक्ति अवधि सहित प्रतिनियुक्ति की अवधि सामान्यतः तीन वर्ष से अधिक नहीं होगी.

प्रतिनियुक्ति (अल्पकालीन अनुबंध सहित) द्वारा नियुक्ति के लिए अधिकतम आयु सीमा आवेदनपत्र स्वीकार करने की अंतिम तारीख को 56 वर्ष से अधिक नहीं होगी.

2. प्रतिनियुक्ति की शर्तें का.प्र.वि. के समय-समय पर यथा संशोधित दिनांक 17 जून, 2010 के का.ज्ञा.सं. 6/8/2009-एस्ट (पे-II) द्वारा शासित होंगी.

3. अनुरोध है कि ऐसे अधिकारियों-जिन्हें उनका चयन होने पर तत्काल कार्यमुक्त किया जा सके, के आवेदनपत्र नीचे दिए गए प्रारूप में (दो प्रतियों में) भरकर, अधिकारियों की पूर्ण एवं अद्यतन गोपनीय रिपोर्टों के साथ नियोक्ता से विधिवत प्रतिहस्ताक्षर कराकर **निदेशक, सिविलियन कार्मिक, एकीकृत मुख्यालय, रक्षा मंत्रालय (नौसेना), कमरा नं. 100, तालकटोरा स्टेडियम एनेक्स बिल्डिंग, नई दिल्ली-110001** को 5 नवंबर, 2019 तक भेज दें. अंतिम तारीख के बाद या गोपनीय रिपोर्टों के बिना या अन्यथा अधूरे प्राप्त आवेदपत्रों पर विचार नहीं किया जाएगा. आवेदनपत्र अग्रेषित करते समय यह सत्यापित और प्रमाणित करें कि अधिकारी द्वारा दिए गए विवरण सही हैं और उनके विरुद्ध कोई अनुशासनात्मक/सतर्कता मामला लंबित नहीं है. पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाए गए बड़े/छोटे दंड का विवरण भी दें.

**(विश्वजीत गुहा)**
**अवर सचिव, भारत सरकार**
**टेलीफैक्स : 23015771**

**अनुलग्नक-I**

**जीवनवृत्त/आत्मवृत्त प्रपत्र**

| | |
|---|---|
| 1. नाम व पता (सुस्पष्ट अक्षरों में) : | |
| 2. जन्म तिथि (ईस्वी सन् में) : | |
| **3. (i)** सेवा में प्रवेश की तिथि : | |
| **(ii)** केंद्र/राज्य सरकार के नियमों के अंतर्गत सेवानिवृत्ति की तारीख | |
| 4. **शैक्षिक अर्हताएं :** | |
| 5. क्या पद के लिए अपेक्षित शैक्षिक और अन्य अर्हताएं रखते हैं. **(यदि नियमों के अंतर्गत निर्धारित कोई अर्हता समतुल्य समझी गई है तो उसके प्राधिकार का उल्लेख करें)** | |

| **विज्ञापन/रिक्ति परिपत्र में यथा उल्लिखित अर्हताएं/अनुभव** | **अधिकारी द्वारा धारित अर्हताएं/अनुभव** |
|---|---|
| **अनिवार्य** | **अनिवार्य** |
| **क)** अर्हता | **क)** अर्हता |
| **ख)** अनुभव | **ख)** अनुभव |
| **वांछनीय** | **वांछनीय** |
| **क)** अर्हता | **क)** अर्हता |
| **ख)** अनुभव | **ख)** अनुभव |

6. ऊपर भरी गई प्रविष्टियों के संदर्भ में कृपया स्पष्ट उल्लेख करें कि क्या आप पद की योग्यताओं और कार्य-अनुभव को पूरा करते हैं

**6.1 नोट : आदाता विभाग आवेदित पद के संदर्भ में अभ्यर्थी द्वारा धारित (जैसा कि जीवन-वृत्त में निर्दिष्ट है) संगत अनिवार्य अर्हता/कार्य अनुभव के अनुरूप अपनी विशिष्ट टिप्पणी/राय दें.**

7. कालक्रम में नियोजन के ब्यौरे दें. यदि नीचे दी गई जगह अपर्याप्त है, तो अपने हस्ताक्षर द्वारा अधिप्रमाणित अलग कागज लगाएं.

| **कार्यालय/ संस्थान** | **नियमित आधार पर धारित पद** | **कब से** | **कब तक** | **नियमित आधार पर धारित पद का वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन/ वेतनमान*** | **आवेदित पद के लिए अपेक्षित अनुभव को उजागर करते हुए कार्य की प्रकृति (विस्तार से)** |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | |
| | | | | | |

*** महत्वपूर्ण :** एसीपी/एमएसीपी के अंतर्गत प्रदत वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन अधिकारी का व्यक्तिगत है और अतः इसका उल्लेख नहीं किया जाए. केवल नियमित आधार पर धारित वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन/वेतनमान का उल्लेख किया जाए. वर्तमान वेतन-बैंड और ग्रेड वेतन के साथ एसीपी/एमएसीपी का ब्यौरा, जहां ऐसा लाभ अभ्यर्थी द्वारा आहरित किया गया है, नीचे निर्दिष्ट किया जाए.

| **कार्यालय/ संस्थान** | **एसीपी/एमएसीपी योजना के अंतर्गत आहरित वेतन, वेतन बैंड और ग्रेड वेतन** | **कब से** | **कब तक** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

8. वर्तमान नियोजन की प्रकृति अर्थात् तदर्थ या अस्थायी या स्थायीवत् या स्थायी

9. यदि वर्तमान नियोजन प्रतिनियुक्ति/संविदा आधार पर धारित है, तो कृपया उल्लेख करें

| **क) प्रारंभिक नियुक्ति की तारीख** | **ख) प्रतिनियुक्ति/संविदा पर नियुक्ति की अवधि** | **ग) मूल कार्यालय/संगठन का नाम, जिससे आवेदक संबंधित है** | **घ) मूल संगठन में मूल रूप से धारित पद का नाम और पद का वेतन** |
|---|---|---|---|
| | | | |
| | | | |

**9.1 नोट :** यदि अधिकारी पहले से प्रतिनियुक्ति पर है, तो ऐसे अधिकारियों का आवेदन काडर अनापत्ति, सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठा प्रमाणपत्र के साथ मूल काडर/विभाग द्वारा भेजा जाए.

**9.2 नोटः** उपर कॉलम 9 (ग) एवं कॉलम 9 (घ) में सूचना उन सभी मामलों में दी जाए, जहां व्यक्ति काडर/संगठन से बाहर प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण करता है, लेकिन अब भी अपने मूल काडर/संगठन में पद धारणाधिकार रखता है.

| | |
|---|---|
| 10. यदि आवेदक पहले प्रतिनियुक्ति पर कोई पद धारण किए हो, तो पिछली प्रतिनियुक्ति से वापसी की तिथि और अन्य ब्योरे दें. | |
| 11. **वर्तमान नियोजन संबंधी अन्य ब्योरे :** कृपया उल्लेख करें कि निम्नलिखित में से किसके अंतर्गत कार्य करते हैं (कृपया संबंधित कॉलम के सामने अपने नियोक्ता के नाम का उल्लेख करें) :<br>**(क)** केंद्र सरकार<br>**(ख)** राज्य सरकार<br>**(ग)** स्वायत्त संगठन<br>**(घ)** सरकारी उपक्रम<br>**(ड)** विश्वविद्यालय<br>**(च)** अन्य | |
| 12. कृपया बताएं कि आप उसी विभाग में कार्य करते हैं और फीडर ग्रेड या फीडर ग्रेड के फीडर में हैं | |
| 13. क्या आप संशोधित वेतनमान में हैं ? यदि हां, पिछले संशोधन के लागू होने की तारीख और संशोधन पूर्व के वेतनमान का उल्लेख करें. | |

14. वर्तमान में अब प्रतिमाह ली जाने वाली कुल परिलब्धियां

| **पीबी में मूल वेतन** | **ग्रेड वेतन** | **कुल परिलब्धियां** |
|---|---|---|
| | | |

15. यदि आवेदक उस संगठन से संबंधित है, जो केंद्र सरकारी वेतनमान का अनुसरण नहीं कर रहा है, तो निम्नलिखित विवरण दर्शाने वाली संगठन द्वारा जारी हाल की वेतन पर्ची संलग्न की जाए.

| **वेतनमान सहित मूल वेतन और वेतनवृद्धि की दर** | **मंहगाई वेतन/अंतरिम राहत/अन्य भत्ते आदि (विवरण के साथ)** | **कुल परिलब्धियां** |
|---|---|---|
| | | |

| | |
|---|---|
| 16. **क**. पद के लिए अपनी उपयुक्तता के समर्थन में आवेदित पद के संगत **अतिरिक्त सूचना**, यदि कोई हो<br>(इसमें अन्य के अलावा इनके संबंध में जानकारी प्रदान की जाए ;<br>**(i)** अतिरिक्त शैक्षणिक योग्यता ; **(ii)** व्यावसायिक प्रशिक्षण और ;<br>**(iii)** रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में निर्धारित कार्य अनुभव से अधिक कार्य अनुभव)<br>**(टिप्पणी : यदि जगह पर्याप्त नहीं है तो अलग कागज लगाएं)** | |
| **16. ख उपलब्धियां :**<br>अभ्यर्थी से अनुरोध है कि वे निम्नलिखित के संबंध में सूचना दर्शाएं :<br>**(i)** अनुसंधान प्रकाशन और रिपोर्ट और विशेष परियोजना<br>**(ii)** पुरस्कार/छात्रवृति/सरकारी प्रशंसा<br>**(iii)** व्यावसायिक निकाय/संस्थान/सोसायटी के साथ संबंधन<br>**(iv)** अपने नाम में पंजीकृत या संगठन के लिए प्राप्त पेटेंट<br>**(v)** कोई अनुसंधान/नवाचारी उपाय, जिससे शासकीय मान्यता हो<br>**(vi)** कोई अन्य सूचना<br>**(टिप्पणी : यदि जगह पर्याप्त नहीं है तो अलग कागज लगाएं)** | |
| 17. कृपया उल्लेख करें कि आप प्रतिनियुक्ति (अल्प अवधि संविदा सहित)/आमेलन/पुनर्नियोजन **#** के लिए आवेदन कर रहे हैं (केंद्रीय/राज्य सरकार के अधिकारी केवल ''**आमेलन**'' के लिए पात्र हैं. गैर सरकारी संगठनों के अभ्यर्थी केवल ''अल्प अवधि संविदा'' के लिए पात्र हैं) | |
| **#** ('एस टी सी'/'आमेलन'/'पुनर्नियोजन' का विकल्प केवल तभी उपलब्ध है, यदि रिक्ति परिपत्र में विशेष रूप से ''एस टी सी'' या ''आमेलन'' या ''पुनर्नियोजन'' द्वारा नियुक्ति का उल्लेख है.) | |
| 18. क्या अजा/अजजा से संबंधित हैं | |

मैंने रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन को ध्यानपूर्वक पढ़ लिया है और मैं अच्छी तरह समझता/समझती हूं कि मेरे द्वारा दस्तावेजों से समर्थित आत्म-वृत का मूल्यांकन पद के लिए चयन करते समय चयन समिति द्वारा भी किया जाएगा. मेरे द्वारा प्रदत सूचना/ब्योरे मेरी अधिकतम जानकारी और विश्वास के अनुसार ठीक और सत्य हैं और किसी वास्तविक तथ्य, जिसका मेरे चयन पर प्रभाव पड़ेगा को दबाया/रोका नहीं गया है.

**(अभ्यर्थी का हस्ताक्षर )**
**पता**..................................
**दिनांक**..................................

**नियोक्ता/काडर नियंत्रण प्राधिकारी द्वारा प्रस्तुत किया जाने वाला प्रमाणपत्र**

आवेदक द्वारा उपर्युक्त आवेदन में प्रदत्त सूचना/ब्योरा रिकार्ड में उपलब्ध तथ्यों के अनुसार सत्य और सही है. वह रिक्ति परिपत्र में उल्लिखित शैक्षिक योग्यताएं और अनुभव धारण करता/करती है. चयन होने पर उसे तुरंत कार्यमुक्त कर दिया जाएगा.

**2. यह भी प्रमाणित किया जाता है कि :**

I श्री/श्रीमती.........के खिलाफ कोई भी सतर्कता अथवा अनुशासनात्मक कार्यवाही न तो लंबित है और न चलाए जाने का प्रस्ताव है.

(शेष पृष्ठ 7 पर)


सत्यमेव जयते
राजस्थान सरकार

Rajiv@75

150 YEARS OF CELEBRATING THE MAHATMA

''भारत एक प्राचीन देश, लेकिन एक युवा राष्ट्र है।
मैं युवा हूँ और मेरा भी एक सपना है, मेरा सपना है,
भारत को मजबूत, स्वतंत्र, आत्मनिर्भर और दुनिया के सभी देशों में से
प्रथम रैंक में लाना और मानव जाति की सेवा करना''

- राजीव गांधी



भूतपूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न

# स्व. श्री राजीव गाँधी

(1944–1991)

जन्म दिवस - 20 अगस्त

# सद्भावना दिवस

पर

शत्-शत् नमन

राजस्थान संवाद

संवाद/डी/280/2019-20 रा.रो.सं 10/2019

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, राजस्थान सरकार

---

(पृष्ठ 6 का शेष)

II उसकी सत्यनिष्ठा संदेह से परे है.

III उसकी पूर्ण मूल गोपनीय रिपोर्ट डोजियर/भारत सरकार के अवर सचिव या उच्च स्तर के अधिकारी द्वारा यथा सत्यापित पिछले 5 वर्षों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट संलग्न है.

IV पिछले 10 वर्ष के दौरान उस पर कोई बड़ा/छोटा दंड नहीं लगाया गया है/पिछले 10 वर्ष के दौरान उनपर लगाए गए बड़े/छोटे दंड की सूची संलग्न है. (जो भी स्थिति हो)

**प्रतिहस्ताक्षर ..........**

**(कार्यालय के मोहर के साथ नियोक्ता/काडर नियंत्रण प्राधिकारी)**

**अनुलग्नक-II**

**मंत्रालय/विभाग द्वारा अनुपालन के लिए डीओपीएंडटी परिपत्र में चिन्हित किये जाने वाले आदाता/मूल विभाग/कार्यालय द्वारा नोट किए जाने वाले बिंदु**

1. यदि अधिकारी पर कोई बड़ा/छोटा दंड लगाया है तो दंड के चलन के बाद 3 वर्ष की अवधि के लिए सामान्यतः सतर्कता अनापत्ति प्रदान नहीं किया जाएगा. बड़ा दंड लगाए जाने के मामले में, सतर्कता अनापत्ति, डीओपीएंडटी ओ.एम.सं. 11012/11/2007-ईएसटीटी (क) तिथि 14.12.2007 के संदर्भ में दंड के चलन के बाद 5 वर्ष की अवधि के लिए सामान्यतः प्रदान नहीं किया जाएगा.
2. अधिकारी जो जल्द ही 'कूलिंग ऑफ' अवधि को पूरा करने वाले हैं उनके आवेदन अग्रेषित करते समय, ओ.एम.सं. 2/1/2012 /ईएसटीटी (वेतन-II) तिथि 04.01.2013 में समाहित अनुसार डीओपीएंडटी के अनुदेशों के अनुसार चलना होगा.
3. आवेदन प्रारूप की प्रति विज्ञापन के साथ वर्ड डॉक्यूमेंट के रूप में डाउनलोड किए जाने वाले रूप में अपनी वेबसाइट में आदाता विभाग द्वारा प्रदान की जाए.
4. रोजगार समाचार में नामांकन/प्रकाशन आमंत्रित करता संचार जारी करते समय पहले से मौजूद रिक्ति के मामले में संबंधित प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग में नामांकन प्राप्त करने के लिए निर्धारित अंतिम तिथि के संदर्भ में पात्रता निर्धारित की जाएगी. प्रत्याशित रिक्ति के मामले में पात्रता निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि, वह होनी चाहिए जिस दिन रिक्ति होने की संभावना है.
5. रिक्ति परिपत्र/विज्ञापन में यह विशिष्ट रूप से उल्लिखित किया जाए कि चयन के लिए उम्मीदवारों की पात्रता निर्धारित करने के लिए उम्मीदवारों द्वारा दावा किए गए योग्यता और अनुभव के समर्थन में समर्थित प्रमाणपत्र/दस्तावेज ना होने पर आवेदन/जीवनवृत्त पर विचार नहीं किया जाएगा.
6. आवेदक की पात्रता निर्धारित करने के लिए निर्णायक तिथि, रोजगार समाचार में रिक्ति/पद के प्रकाशन की पहली तिथि को छोड़कर गिनी जाएगी अर्थात 18-24 जनवरी, 2014 के रोजगार समाचार में प्रकाशित रिक्ति के लिए निर्णायक तिथि 19 जनवरी 2014 गिनी जाएगी (प्रकाशन की पहली तिथि को छोड़कर).
7. केन्द्र सरकारी वेतनमान ना अपनाने वाले सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम/स्वायत्त संगठन में कार्यरत आवेदकों की पात्रता निर्धारण को सुगम बनाने के लिए, उनके समकक्ष पद/वेतनमान की आदाता विभाग द्वारा पुष्टि की जाए. जहां जरूरी है, वहां अग्रणी विभाग से इस संदर्भ में जानकारी भी सुनिश्चित की जाए.

**डीएवीपी 10702/11/0125/1920**

**नोट :- इस विज्ञापन से सम्बन्धित अन्य जानकारी के लिए कृपया रोजगार समाचार नई दिल्ली दिनांक 7-13 सितंबर, 2019 का अवलोकन करें।**

# रोजगार के अवसर
(संक्षिप्त जानकारी)

### आरआरसीएटी
पद - अप्रेंटिस
पद संख्या - कुल 70 पद
अंतिम तिथि - 20 सितंबर, 2019
www.rrcat.gov.in

### आइएसएम, धनबाद
पद - डिप्टी रजिस्ट्रार आदि
पद संख्या - कुल 191 पद
अंतिम तिथि - 4 नवंबर, 2019
www.iitism.ac.in

### एनआइएन
पद - पर्सनल असिस्टेंट, स्टेनो आदि
पद संख्या - कुल 20 पद
अंतिम तिथि - 25 सितंबर, 2019
www.nin.res.in

### डीजीडीई
पद - सब डिविजनल ऑफिसर ग्रेड-2
पद संख्या - कुल 13 पद
अंतिम तिथि - 20 अक्टूबर, 2019
www.dgde.gov.in

### एएसआरबी
पद - डायरेक्टर आदि
पद संख्या - कुल 72 पद
अंतिम तिथि - 26 सितंबर, 2019
www.asrb.org.in

### एनआइटी, जालंधर
पद - टेक्नीशियन असिस्टेंट आदि
पद संख्या - कुल 93 पद
अंतिम तिथि - 2अक्टूबर, 2019
www.nitj.ac.in

### सीडीआरआइ
पद - साइंटिस्ट, सी. साइंटिस्ट आदि
पद संख्या - कुल 18 पद
अंतिम तिथि - 30 सितंबर, 2019
www.cdri.res.in

### बिहार पुलिस
पद - पुलिस सब इंस्पेक्टर आदि
पद संख्या - कुल 2404 पद
अंतिम तिथि - 25 सितंबर, 2019
http://biharpolice.bih.nic.in

# बेरोजगारी भत्ते से जीवन को मिली नई दिशा



प्रार्थी का नाम - श्री अमित कुमार सैनी

**सक्सेस स्टोरी**

अलवर जिले के निवासी श्री अमित सैनी पुत्र श्री मूल चन्द सैनी ने रोजगार कार्यालय में भत्ते हेतु अपना आवेदन जुलाई, 2018 में प्रस्तुत किया। उनके द्वारा तीन माह की अवधि में प्राप्त राशि का उपयोग प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी में किया गया तथा उन्हें अक्टूबर, 2018 में राजगढ़, अलवर में तृतीय श्रेणी अध्यापक पद पर स्थायी नियुक्ति का अवसर मिल गया।



प्रार्थी का नाम - श्री धर्मचन्द गहलोत

**सक्सेस स्टोरी**

श्री धरमचन्द गहलोत पुत्र श्री कन्हैयालाल गहलोत ने रोजगार कार्यालय, बीकानेर के माध्यम से सितम्बर, 2017 से जून, 2018 तक बेरोजगारी भत्ता प्राप्त किया। इन्होंने बेरोजगारी भत्ते से मिली राशि से अपने भविष्य की प्लानिंग की तथा अपना नियोजन प्राप्त करने हेतु इन्हें एक विश्वास मिला तथा जुलाई, 2018 से इन्होंने बीएड में प्रवेश लिया। बीएड में प्रवेश होने पर बेरोजगारी भत्ता बन्द करवाने कार्यालय में आये श्री धरमचन्द ने बताया कि वे दिव्यांग हैं तथा उन्हें इस राशि से काफी सहायता मिली। अब वे इस वित्तीय सहायता से बीएड में प्रवेश लेगें। इस तरह अपनी मेहनत से वर्तमान में ये बीएड द्वितीय वर्ष में है। इन्होंनें बताया कि वे शीघ्र ही बीएड करके अध्यापन की सेवा में नियुक्ति प्राप्त कर लेगें। सरकार की इस योजना को उन्होंनें सराहनीय बताया।


# राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी
## गृह मंत्रालय
## भारत सरकार
## सीजीओ परिसर के सामने
## लोधी रोड, नई दिल्ली

सं. ई-41/एएसपी/प्रतिनियुक्ति-आमेलन/एनआईए/2019/ तिथि: 26.08.2019

**प्रतिनियुक्ति/आमेलन आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के रूप में एनआईए में प्रतिनियुक्ति के लिए सूचना**

राष्ट्रीय अन्वेषण एजेंसी (एनआईए) में प्रतिनियुक्ति /आमेलन आधार पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडीडीएल एसपी) के पदों के लिए नामांकन आमंत्रित हैं. पदों का विवरण निम्नानुसार है:

| पद के साथ वेतनमान | रिक्ति | रिक्तियों के आधार पर पोस्टिंग का प्रस्तावित स्थान |
|---|---|---|
| अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (एडीडीएल एसपी) वेतनमान-वेतन मैट्रिक्स लेवल-11 (रुपये 67,700-2,08,700) (पूर्व संशोधित वेतन बैंड-3 (रुपये 15,600- 39,100) के साथ ग्रेड वेतन रुपये 6600/- | प्रतिनियुक्ति/ आमेलन आधार के लिए 10 पद | दिल्ली, लखनऊ, गुवाहाटी, कोलकाता, मुंबई, हैदराबाद, कोच्चि, रायपुर, जम्मू और चंडीगढ़. |

2. पात्रता मानदंड (शैक्षिक योग्यताएं, अनुभव आदि) और आवेदन पत्र, एनआईए की वेबसाइट **www.nia.gov.in/recruitment-notice.htm** पर परिशिष्ट-I और परिशिष्ट-II के रूप में उपलब्ध है. पद के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को बाद में अपनी उम्मीदवारी वापस लेने की अनुमति नहीं होगी.

3. पात्र अधिकारियों के नामांकन के साथ निम्नलिखित दस्तावेज **एसपी (प्रशासन), एनआईए मुख्यालय, सीजीओ परिसर के सामने, लोधी रोड, नई दिल्ली 110003 के पास उचित माध्यम से** 5 नवंबर, 2019 तक पहुंच जाने चाहिए ।

क. सक्षम प्राधिकारी द्वारा विधिवत प्रतिहस्ताक्षरित **परिशिष्ट-II** के अनुसार निर्धारित प्रारूप में आत्मवृत्त.

ख. वर्ष 2014-15 से 2018-19 के लिए अद्यतन एपीएआर डॉजियर (यदि फोटोप्रतियां भेजी जा रही हैं तो यह सुनिश्चित किया जाए कि यह भारत सरकार के अवर सचिव के ओहदे से ऊपर के अधिकारी द्वारा रबड़ मुहर के साथ प्रत्येक पेज सत्यापित हो).

ग. संबंधित विभाग द्वारा जारी सतर्कता अनापत्ति और सत्यनिष्ठ प्रमाणपत्र.

घ. पिछले 10 वर्षों के दौरान अधिकारी पर लगाए गए बड़े/छोटे दंडों का विवरण.

4. अंतिम तिथि के बाद प्राप्त आवेदन या किसी भी रूप में अपूर्ण आवेदन या उक्त पैरा 3 के अनुसार दस्तावेज/जानकारी के बिना प्राप्त आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा. काडर प्राधिकारी यह सुनिश्चित करे कि अधिकारी द्वारा भेजे गए विवरण रिकॉर्ड के अनुसार सही हैं.

(एस. एन. पांडे)
पुलिस अधीक्षक (प्रशासन)
एनआईए मुख्यालय, नई दिलली
011-24368837 (कार्यालय)
011-24368801 (फैक्स)
ईमेल: satyanandpandey.nia@gov.in

डीएवीपी /19133/11/0009/1920

नोट : इस विज्ञापन से संबंधित अन्य जानकारी के लिए कृपया रोजगार समाचार, नई दिल्ली, दिनांक 7-13 सितंबर, 2019 का अवलोकन करें।


## वार्षिक अभिदाताओं हेतु आवश्यक सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश (पाक्षिक) के वार्षिक अभिदाता बनने हेतु अथवा वर्तमान में चल रहे अभिदाता जिनका वार्षिक शुल्क समाप्त होने जा रहा है वे रुपए 40/- की राशि का भारतीय पोस्टल आर्डर या डिमान्ड ड्राफ्ट सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश के पक्ष में भेजकर इस पाक्षिक पत्र के वार्षिक सदस्य बन सकते हैं। - संपादक

## सूचना

राजस्थान रोजगार संदेश के प्रकाशित लेखों एवं प्रशिक्षण एक परिचय में प्रयुक्त विषय वस्तु लेखकों / संस्थानों की अपनी हैं। सम्पादक इन विषय वस्तु एवं इनसे उत्पन्न होने वाले किसी भी प्रकार के विवाद के लिए किसी भी तरह उत्तरदायी नहीं है। - सम्पादक


## राजस्थान रोजगार संदेश

*मुख्य सम्पादक :*
**आयुक्त**
कौशल, नियोजन एवं उद्यमिता विभाग, जयपुर
**मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक**
सहायक निदेशक (प्रकाशन) राजस्थान रोजगार संदेश, जयपुर,
**डाक का पता : सहायक निदेशक प्रकाशन, दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर, पिनकोड- 302001, फोन- 2368398**
ई-मेल: adrs.jpr.emp@rajasthan.gov.in


स्वत्त्वाधिकारी, रोजगार सेवा निदेशालय, राजस्थान सरकार के लिए मुद्रक सहायक निदेशक(प्रकाशन) द्वारा डी.बी. कॉर्प लि. 10, जेएलएन मार्ग, जयपुर, फोन- 0141-3981148 (भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, टोंक रोड, जयपुर)से मुद्रित एवं दरबार स्कूल परिसर, गोपीनाथ मार्ग, जयपुर से प्रकाशित। संपादक